एसआरएमएस रिद्धिमा की छात्राएं अव्वल

amrit vichar

बरेली। विकास भवन में बुधवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव का पुरस्कार वितरित हुआ, इसमें एसआरएमएस रिद्धिमा की छात्रा अनन्या तिवारी और मेघा सक्सेना ने पहला स्थान हासिल किया। अनन्या ने शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम और मेघा ने कथक में यह उपलब्धि हासिल की है। देर शाम इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। छात्राओं की अनुपस्थिति में रिद्धिमा की भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज ने सर्टिफिकेट और ट्राफी हासिल की। एसआरएमएस ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।